*सादर प्रकाशनार्थ,*

**नशा–मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण जन–जाग्रति का सप्ताह का शुभारम्भ**

**कोरबाः 31.05.2017– प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस तथा विश्व पर्यावरण दिवस को ध्यान में रखते हुए नशा–मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण जन–जाग्रति का सप्ताह का आयोजन दिनांक 30 मई से 5 जून 2017 तक किया गया है। इस अभियान का शुभारम्भ ग्राम चुईया में ग्रामीणजन, गणमान्य व्यक्तियों,एवं डॉक्टर विशेषज्ञ समूह की उपस्थिति में मान्नीय सांसद बंसीलाल महतो द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। डॉ. बंशीलाल महतो ने पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण किया तथा स्वच्छता के लिए ग्रामवासियों को घर में बने हुए टायलेट को उपयोग करने की हिदायत दी। आपने नशे की रोकथाम के लिये महिलाओं को प्रोत्साहित किया। आपने ग्रमवासीयों की समस्याओं को भी सुना और अंचल को सम्पूर्ण नशा मुक्त बनाने में सहयोग देने के लिये भी आग्रह किया। ग्राम वासियों को भी पौधों का वितरण किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ.के.सी.देबनाथ एम.डी., डॉ. एस.एस. सब्बरवाल, डॉ.आर.के दिव्य, डॉ.बी.के.सिन्हा द्वारा 70 मरजों का परिक्षण कर ग्रामवासियों को दवा का भी वितरण किया गया। भ्राता डॉ. के.सी.देवनाथ अक्षय हास्पिटल कोरबा ने कहा कि नशे की दल–दल में व्यक्ति फंस तो जाता है लेकिन धीरे धीरे उसकी मात्रा बढ़ती ही जाती है और इसका अंतिम परिणाम कैंसर और अन्य भयावह बीमारी होती है। जन–जाग्रति लाना ही समाज को नशा–मुक्त बनाने का सहज विधि है। ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन राजयोग प्रशिक्षिका बाल्को ने राजयोग का प्रशिक्षण द्वारा मन की शांति का अभ्यास मेडिटेशन के माध्यम से कराया। नशा मुक्ति प्रदर्शनी के द्वारा जन जाग्रति लाई गई। भ्राता हेमन्त शर्मा तथा ग्राम वासियों ने कार्यकम के संयोजन में अपनी सकिय भूमिका निभाई। ब्रह्माकुमारी रूकमणी बहन संचालिका कोरबा सेवाकेन्द ने बतलाया कि इस अभियान के अंर्तगत अंचल में नशा–मुक्ति और पर्यावरण जन–जागृति के लिये अनेकानेक कार्यकम आयोजित किये जायेंगें।**

**मानवता की सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी।**